कार्यालय वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखंड, अल्मोड़ा।
Email : cfkumaon_north@rediffmail.com , ☎ (05962) 231099 Fax : 230397

पत्रांक – 478 / 12–1 (2) अल्मोड़ा, दिनांक, 12/08/ 2024.

सेवा में,

प्रमुख वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फारेस्ट कालोनी,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय :– जनपद– चम्पावत में विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के विकासखण्ड बाराकोट के अन्तर्गत सुतेड़ा जमरेड़ी व क्रान्तेश्वर तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.780 है0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में प्रस्ताव सं0– 42256 / 2019।

सन्दर्भ :– आपका पत्रांक 2560 / 12–1 दिनांक 14.06.2024।

महोदय,

संदर्भित पत्र के आलोक में उक्त मोटर मार्ग निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव में पायी गयी आपत्तियों का निराकरण किया गया है:–

प्रस्ताव में पायी गयी आपत्तियां	**आपत्तियों का निराकरण**
1– बिन्दु सं0 4 के अनुसार के0एम0एल0 फाईल अपलोड नहीं की गयी है।	प्रस्तावक विभाग द्वारा के0एम0एल0 दिनांक 04.05.2024 को अपलोड कर दी गयी है।
2– बिन्दु सं0 05 के अनुसार दो भिन्न परियोजनाओं हेतु चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र परस्पर Overlap हो रहे है, जिनको सही नहीं किया गया है।	प्रस्तावक विभाग द्वारा दो भिन्न परियोजनाओं हेतु चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र परस्पर Overlap हो रहे थे, जिसके निराकरण हेतु उपयुक्त नवीन क्षतिपूरक वृक्षारोपण क्षेत्र 5.500 है0 बनाकर पुनः प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्न– जियोरिफरेंस मैप की प्रति)**

इस कार्यालय द्वारा उक्त आपत्तियों का परीक्षण किया गया एवं उच्च स्तर से प्राप्त निर्देशों का पालन कर प्रकरण आपत्तियों का निराकरण कर प्रस्ताव को संस्तुति सहित प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया तद्नुसार अवगत एवं आवश्यक कार्यवाही करने पर विचार करना चाहें।

(संलग्न– यथोपरि।)

भवदीय

(डा0 विनय भार्गव)
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा